हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 72 देहरादून, बृहस्पतिवार, 05 सितंबर, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



उत्तराखंड : ITBP में सहायक कमांडेंट बने पिथौरागढ़ के पंकज 3

# सीएम धामी अचानक पहुंचे पुलिस मुख्यालय





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 5 सितंबर , प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराध पर नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं वही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून पुलिस मुख्यालय में ओचक निरीक्षण करने पहुंचे. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बेहतर करने को लेकर दिशा निर्देश दिए. साथ ही पुलिस अधिकारियों को प्रदेश में धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों पर ध्यान देने के लिए भी कहा.

₹देवभूमि में अपराध करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा₹

देहरादून में पुलिस मुख्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, वैरिफिकेशन ड्राइव चलाने, ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही अधिकारियों को लव जिहाद व धर्मांतरण जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई करने व अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए।अपराधियों पर नकेल कसने के लिए तकनीक का अधिक प्रयोग करने हेतु निर्देश दिए। पुलिस की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली महिलाओं को सुरक्षित माहौल एवं आमजन को न्याय दिलवाने में अत्यंत सहायक होती है। पुलिस का व्यवहार आमजन के साथ मित्रवत होना चाहिए और अपराधियों के मन में पुलिस का भय भी होना चाहिए। उत्तराखण्ड 'देवभूमि' है, यहाँ के मूल स्वरूप को बनाए रखने हेतु हम सख्त से सख्त कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के कई जिलों में चोरी और मारपीट जैसी कई बड़ी घटनाएं सामने आई है. लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नही हो पाई है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अचानक पुलिस मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यों का निरीक्षण किया और एडीजी स्तर के अधिकारियों से केसों की प्रगति के बारे पूछा।मुख्यमंत्री ने मुख्यालय पंहुचकर सभी कार्यालयों व अनुभागों का औचक निरीक्षण किया है व वहां की कार्यप्रणाली का जायजा भी लिया।

## मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को दी शुभकामनाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक सही मायने में राष्ट्र निर्माता हैं। विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण कर उन्हें योग्य नागरिक बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान तो देते ही है समाज को नई दिशा में भी उनकी बडी भूमिका होती है राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के विकास के लिये संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी शिक्षकों की महत्वपूर्ण सहभागिता रहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वही देश और समाज आगे बढते हैं जहां गुरुजनों का सम्मान होता है। हमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भारतीय परम्परा का पालन करते हुए श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश व प्रदेश के विकास में सहभागी बनें।



## बूथ से तय होगा कार्यकर्ता का वजूद : सुबोध

ऋषिकेश। देहरादून जिले के प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल ने बुधवार को ऋषिकेश में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। कहा कि संगठन में कार्यकर्ता का वजूद उसके बूथ की मजबूती से तय होता है। इसके लिए सदस्यता अभियान में हर कार्यकर्ता के पास खुद को साबित करने का मौका है। उन्होंने जिले में एक लाख और हर बूथ पर 200 से ज्यादा सदस्यों को भाजपा से जोडने का लक्ष्य भी दिया। नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री सुबोध उनियाल ने सदस्यता के लिए मिस्ड कॉल नंबर जारी किया। कार्यकर्ताओं को मिस्ड कॉल के माध्यम से संगठन की सदस्यता भी ग्रहण कराई। अभियान को सफल बनाने के लिए जोश भरते हुए कहा कि जिस कार्यकर्ता का बूथ पर प्रभाव नहीं होता है, तो वह राजनीति में लंबी दूरी भी तय नहीं कर पाता है। प्रधानमंत्री का उदाहरण देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी साधारण कार्यकर्ता थे और आज वह देश के मुखिया हैं। इसी तरह से उत्तराखंड और अन्य राज्यों में मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों आदि का भी जिक्र कर कहा कि सभी संगठन की मजबूती के लिए दिन रात एक किया, जिसका फल उन्हें सरकार में जनसेवा के रूप में मिल रहा है। उन्होंने सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं से घर-घर पहुंचने का आह्वान किया। बोले, नगर निकाय और पंचायत चुनाव भी राज्य में होने हैं, इससे जनता तक पहले ही पहुंचने का लाभ उम्मीदवारों को चुनाव में मिलेगा। मौके पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक मनोज ध्यानी, महामंत्री दीपक धमीजा, राजेंद्र तडियाल, नलिन भट्ट, देवेंद्र सकलानी, निवर्तमान मेयर अनीता ममगाईं, राजकुमार राज, गणेश रावत, विनय कंडवाल, नीलम चमोली, राहुल अग्रवाल, कपिल गुप्ता, कविता शाह, जयंत शर्मा, मोनिका गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, संजय शास्त्री, संजीव चौहान, दिव्या बेलवाल, संदीप गुप्ता, आशा शर्मा, विनोद भट्ट, देवदत्त शर्मा, संजय व्यास, तनु तेवतिया आदि मौजूद रहे।

**जनप्रतिधि की करें चौकीदारी :** कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सदस्यता अभियान शुभारंभ कार्यक्रम में संगठन की अहमियत पर प्रकाश डाला। कहा कि संगठन से ही सरकार बनती है। लिहाजा, बेबाक होकर हर कार्यकर्ता को बेबाक होकर काम करने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों की चौकीदारी भी कार्यकर्ताओं के ही जिम्मे है। किसी भी क्षेत्र में सही गलत और उद्देश्य और राजधर्म का भी समय-समय पर ज्ञान कराना जरूरी है। इससे जनप्रतिनिध जनसेवा के मूल उद्देश्य से डिगेगा नहीं।

**हर रविवार अटल सदस्यता पर्व :** सदस्यता अभियान में भाजपा ऋषिकेश क्षेत्र में हर रविवार को अटल सदस्यता पर्व मनाएगी। प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि इसमें 20 सदस्यों का भाजपा से जोड़ा जाएगा। सदस्यता के इसकी समीक्षा भी होगी, जिसमें सर्वाधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय से लेकर राज्य व जिला स्तर पर नवाजा जाएगा। उन्होंने अभियान की सफलता को कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान भी किया।

## स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं समाज की रीढ़ हैं : ऋतु खण्डूडी भूषण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार । उत्तराखंड विधानसभा के अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने आज कोटद्वार के नगर निगम स्थित सभागार में आयोजित महिला सहायता समूह सम्मेलन में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की महिलाओं की सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना की। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवम् क्षेत्रीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने समारोह में 119 स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित कर उन्हें आर्थिक सहायता के चेक वितरण किए। समारोह में, विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा, ₹स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और समर्पण ने न केवल अपने परिवारों की स्थिति को बेहतर बनाया है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है। इन समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि समाज में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रही हैं।

खण्डूडी ने कहा, ₹हमारी प्रदेश की महिलाएं आज आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। 'स्वयं सहायता समूहों' के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है, बल्कि समाज में भी एक नई दिशा प्रदान की है।₹उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उत्तराखंड सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है, जो उन्हें समाज में मजबूत भूमिका निभाने में सक्षम बना रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता, शिक्षा और




स्वावलंबन के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान, महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और इस समर्थन के लिए विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि आर्थिक सहायता के माध्यम से उन्हें व्यवसाय शुरू करने और अपनी आजीविका को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी। यह वितरण कार्यक्रम महिलाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देने और उन्हें समाज में अपने योगदान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। समारोह की समाप्ति पर, विधानसभा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि इन समूहों की सफलता अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करेगी और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित होगी।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जंग बहादुर रावत , मण्डल अध्यक्ष पंकज भाटिया , हरि सिंह पुंडीर , प्रेमा खंतवाल , मानेश्वरी बिष्ट , आशा , रजनी बिष्ट , पार्षद कमल नेगी ,मनीष भट्ट , सौरव नौडियाल , राजेंद्र बिष्ट , ज्योति सिंह ,आदि लोग उपस्थित रहे।


# उत्तराखंड : पंतनगर में बनेगा उत्तराखंड का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर 05 सितम्बर : पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार न केवल पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देगा बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा। यहाँ से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के अलावा कारगो और घरेलू उड़ानें भी संचालित होंगी। पंतनगर विश्वविद्यालय के एनेक्सी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सांसद अजय भट्ट ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बाद यह उत्तराखंड का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा।

उन्होंने कहा कि इस विस्तार से न केवल पर्यटन गतिविधियों को नया बढ़ावा मिलेगा बल्कि प्रदेश की समग्र अर्थव्यस्था भी मजबूत होगी। विस्तार के बाद पंतनगर एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें, साथ ही कारगो और घरेलू उड़ानें भी संचालित होंगी।बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह और एसडीएम मनीष बिष्ट ने विस्तार के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। बताया गया कि एयरपोर्ट के लिए 524 एकड़ भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दी गई है, जिसका दाखिल खारिज भी हो चुका है और 103 एकड़ भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भी दी गई है।

जिससे एयरपोर्ट विस्तारीकरण में NH के आने से उसका डायवर्जन किया जा सके। इसके अलावा एयरपोर्ट डायरेक्टर मोनिका डेम्बला ने कहा कि विस्तारीकरण की डीपीआर बनाने के लिए धनराशि प्राप्त हो चुकी है और कंसल्टेंट एजेंसी भी नियुक्त कर ली गई है। अब एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर (टर्मिनल, रनवे, पार्किंग आदि) की योजना बनाई जा रही है। सांसद भट्ट ने जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बैठक में विधायक शिव अरोड़ा और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।





# आप भी देसी अंडे को मानते हैं ज्यादा ताकतवर, एक्सपर्ट ने दूर कर दिया भ्रम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 05 सितम्बर : अधिकांश लोग अंडे को आमतौर पर भी खाना पसंद करते हैं लेकिन डॉक्टरों की भी सलाह होती है कि अंडे खाना चाहिए. इसमें भी एक चीज यह है कि देशी अंडे को ज्यादा बेहतर माना जाता है और फार्म वाले अंडों को कम बेहतर माना जाता है. कई लोग तो फार्म वाले अंडे को नुकसानदायक भी बताते हैं. लेकिन इसके नुकसान की बात छोड़ दें तो आमतौर पर माना ज्यादा है कि देशी अंडा ज्यादा ताकत देता है. तो आज इसके बारे में एक्सपर्ट से जान लेते हैं कि आखिर किस अंडे की क्या खासियत होती है।

एक्सपर्ट का कहना है कि फार्म वाले अंडे की तुलना में देसी अंडे में हर चीज की मात्रा कम होती है. इसके पीछे का कारण भी जान लेते हैं. फूड विभाग के अधिकारी फूड इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिन्हा बताते हैं कि जो देसी मुर्गी के अंडे होते हैं और फार्म वाले मुर्गी के अंडे होते हैं दोनों अंडों की बनावट सामान्य होती है।

उन्होंने बताया कि इसके जो आउटर लेयर होते हैं वह कैल्शियम कार्बोनेट का बना होता है. अंडे का जो उजला वाला पार्ट होता है वह प्रोटीन का बना होता है. उसमें प्रोटीन की प्रचुर मात्रा पाई जाती है और उसके अंदर जो पीला वाला पार्ट होता है वह कोलेस्ट्रॉल का बना होता है. उन्होंने बताया कि देसी अंडा हो या फार्म वाला अंडा हो इन दोनों की बनावट एक ही जैसी होती है. इनमें केवल साइज का फर्क होता है. देसी वाला अंडा साइज में छोटा होता है और फार्म वाला बड़ा होता है. ऐसे में जो फार्म वाले अंडे होते हैं उसमें गुण की ज्यादा मात्रा में होते हैं. यानी उसका साइज बड़ा है तो उसमें प्रोटीन ज्यादा होता है और कोलेस्ट्रॉल भी उसी तरह ज्यादा होता है।

# मर्दों को लेकर इस TV एंकर ने कह दी ऐसी बात, नौकरी से धोना पड़ गया हाथ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 04 सितम्बर : जापान से एक बेहद विचित्र मामला सामने आया है. यहां एक महिला को सिर्फ इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया, क्योंकि उसने सोशल मीडिया पर पुरुषों के शरीर से आने वाली दुर्गंध को लेकर बातें की थीं. रिपोर्ट के मुताबिक, पोस्ट वायरल होने के बाद 29 वर्षीय यूरी कावागुची को चौतरफा आलोचना का सामना करना पड़ा. यूरी टोक्यो स्थित एक टीवी चैनल में बतौर न्यूज एंकर कार्यरत थीं।

यूरी ने मर्दों के पसीने की बदबू को लेकर अपनी निराशा व्यक्त की थी. उन्होंने 8 अगस्त को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि गर्मी के मौसम में कुछ पुरुषों के शरीर से अत्यधिक दुर्गंध आती है. इसके साथ ही उन्होंने ऐसे पुरुषों को दिन में एक से अधिक बार नहाने की भी सलाह दी. उन्होंने लिखा कि वह खुद को भी तरोताजा रखने के लिए वाइप्स और फ्रेगनेंस का इस्तेमाल करती हैं. ऐसे में उन्हें लगता है कि बहुत से पुरुषों को भी ऐसा ही करना चाहिए। हालांकि, पोस्ट वायरल होने के बाद उनकी खूब आलोचना हुई और यूरी पर लिंग के आधार पर भेदभाव करने और बेवजह मर्दों को निशाना बनाने का आरोप लगाया गया. आलोचकों ने कहा कि यह समस्या केवल पुरुषों तक सीमित नहीं है, इसलिए किसी विशेष लिंग के साथ इसे जोड़ना उचित नहीं है। एक यूजर ने कमेंट किया, केवल पुरुषों को दोष देना गलत है. बुजुर्ग महिलाओं के शरीर से भी गंध आ सकती है, मैं भी इससे असहज होता हूं. विवाद बढ़ता देख यूरी ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी, लेकिन लोग सार्वजनिक रूप से उन्हें माफी मांगने की बात पर अड़ गए. उधर, मीडिया कंपनी ने भी यूरी की नौकरी से छुट्टी कर दी। इसके बाद यूरी ने ट्वीट कर माफी मांगी. उन्होंने कहा, मुझे इस बात का बेहद अफसोस है कि मेरी लापरवाह टिप्पणियों से कई लोग आहत हुए. मैं प्रयास करूंगी कि ऐसी बात न करूं, जिससे किसी को ठेस पहुंचे. मुझे सचमुच खेद है.

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमुख रमोला ने 18 विद्यालयों को पुस्तकालय की सामग्री दी

नई टिहरी। ब्लॉक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला ने ब्लॉक के स्कूलों में लाइब्रेरी खोलने की घोषणा के तहत चयनित विद्यालयों को किताबें, आलमारियां आदि सामग्री दीं। प्रमुख रमोला ने कहा कि विद्यालयों में पुस्तकालय होने से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। प्रमुख ने विकासखंड के 18 विद्यालयों में पुस्कालय खोलने की घोषणा की थी। इस दौरान बीडीओ नंद किशोर नौटियाल, मनमोहन पंवार, आजाद सिंह, जयपाल रावत, राजीव पैन्यूली, भागमल रौंटा, गिरीराज गोपाल, राकेश चंद्र, बलबीर सिंह, वामदेव भट्ट, दिनेश कलूड़ा आदि मौजूद रहे।

### कौशल विकास को लेकर छात्रों को प्रशिक्षित किया

नई टिहरी। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के मिशन शक्ति योजना के तहत बुधवार को श्रीदेव सुमन राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया। कहा कि वर्तमान में पारंपरिक शिक्षा के साथ ही स्किल डेवलपमेंट पर सरकार का विशेष फोकस है। ऐसे में छात्रों को चाहिए कि वह अपने कौशल को निखारें। प्रशिक्षक दिग्विजय सिंह ने छात्रों को आईटी, विज्ञान, गणित समेत अन्य जरूरी विषयों को रोजगार की दृष्टि से समृद्ध बनाने की जानकारी दी। सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रश्मि बिष्ट ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सेंटर में हिंसा से पीड़ित महिलाओं को परामर्श सुविधा, चिकित्सा सहायता, पुलिस व विधिक सहायता, अस्थाई आश्रय सुविधा निशुल्क में उपलब्ध कराई जाती है।

### प्रमुख रमोला ने 18 विद्यालयों को पुस्तकालय की सामग्री दी

नई टिहरी। ब्लॉक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला ने ब्लॉक के स्कूलों में लाइब्रेरी खोलने की घोषणा के तहत चयनित विद्यालयों को किताबें, आलमारियां आदि सामग्री दीं। प्रमुख रमोला ने कहा कि विद्यालयों में पुस्तकालय होने से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। प्रमुख ने विकासखंड के 18 विद्यालयों में पुस्कालय खोलने की घोषणा की थी। इस दौरान बीडीओ नंद किशोर नौटियाल, मनमोहन पंवार, आजाद सिंह, जयपाल रावत, राजीव पैन्यूली, भागमल रौंटा, गिरीराज गोपाल, राकेश चंद्र, बलबीर सिंह, वामदेव भट्ट, दिनेश कलूड़ा आदि मौजूद रहे।

### कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण को करेंगे संघर्ष

नई टिहरी। लोनिवि अतिथि गृह में मिनिस्टीरियल एसोसिएशन सिंचाई विभाग के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश्वर बड़ोनी की अध्यक्षता में टिहरी शाखा का अधिवेशन संपन्न हुआ। उन्होंने डीपीसी, पुरानी पेंशन, समान कार्य के लिए समान वेतन समेत कई समस्याओं को लेकर जानकारी दी। कहा कि संगठन के पदाधिकारी लगातार शासन स्तर पर इन मांगों को लेकर संघर्षरत है। इसके बाद एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष और चुनाव अधिकारी सुरेश चंद और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय सेमवाल की देखरेख में हुए चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

### किसान अपनाएं जड़ी-बूटी की खेती

नई टिहरी। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के हैप्रेक विभाग की पहल पर विकासखंड कीर्तिनगर के गांव डांडा की बेली में पहली बार जड़ी-बूटी की खेती शुरू होगी। हैप्रेक विभाग ने ग्रामीणों को जड़ीबूटी से होने वाले लाभ बताए। ग्रामीणों को जड़ी-बूटी के कृषिकरण का भी प्रशिक्षण दिया गया। हैप्रेक के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित के दिशा निर्देशन में टीम ने कुटकी की बीस हजार और सुगंधबाला की पांच हजार पौध वितरित की। कार्यक्रम में हप्रैक के डॉ. प्रदीप डोभाल, एसएसओ डॉ. सुदीप सेमवाल ने जड़ी-बूटी के महत्व को बताते हुए इसके कृषिकरण करने पर जोर दिया।

### भाजपा ने उत्तराखंड में 23 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा : कोठरी

श्रीनगर गढ़वाल। महामंत्री कोठारी ने बताया कि भाजपा का पौड़ी जनपद में 19 संघठनात्मक जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि बीते दो सितंबर से देशभर में भाजपा का देशव्यापी सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है। अभियान के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले सदस्य बने हैं। तीन सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सदस्यता दिलाकर कार्यक्रम को प्रदेश स्तर पर शुरू कराया। 19 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान जारी रहेगा। एक से दस नवंबर तक अभियान संबंधी चर्चा की जाएगी। कोपार्टी ने उत्तराखंड में 23 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। अभियान में सभी वर्गों को एक साथ लेकर सदस्यता दिलाई जायेगी। प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों को सदस्यता दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया है। इस दौरान संयोजक सम्पत रावत, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, वासुदेव कंडारी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : ITBP में सहायक कमांडेंट बने पिथौरागढ़ के पंकज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 05 सितम्बर : पंकज कुमार वर्तमान में केंद्रीय सचिवालय नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय में एकाउंटेंट के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। उनके चयन पर क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त की। सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ के मजिरकांडा के निवासी पंकज टम्टा ने हाल ही में आईटीबीपी में सहायक कमांडेंट के पद पर चयनित होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। उनके इस चयन की खबर सुनकर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

पंकज के पिता जगदीश प्रसाद टम्टा कनालीछीना में खंड विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गीता देवी एक गृहिणी हैं। पंकज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एशियन एकेडमी पिथौरागढ़ से प्राप्त की और द्वाराहाट के कुमाऊं इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर पंतनगर से एमटेक की डिग्री प्राप्त की।

वर्तमान में पंकज केंद्रीय सचिवालय नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। पंकज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और मित्रों को दिया है। उनके इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनकी सराहना की। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गर्वित किया है बल्कि पूरे क्षेत्र को प्रेरित भी किया है।





# महाराज ने जनपद को दी 28 करोड़ 57 लाख, 63 हजार की योजनाओं की सौगात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रुद्रप्रयाग। एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, संस्कृति, ग्रामीण निर्माण, पंचायती राज एवं जलागम प्रबंधन मंत्री सतपाल महाराज ने आज विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ एवं रुद्रप्रयाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने केदारनाथ विधानसभा हेतु 24 करोड़ 22 लाख 96 हजार रुपए की योजनाओं के साथ ही विकास खंडों हेतु कुल 4 करोड़ 34 लाख 67 हजार की विभागीय योजनाओं का भी लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस तरह कुल 28 करोड़ करोड़, 57 लाख, तिरेसठ हजार की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। जिसमें 9 योजनाओं का लोकार्पण एवं 11 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश की उन्नति एवं प्रगति की दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को केदारनाथ यात्रा मार्ग में जो आपदा आई है उसमें प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के साथ त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करते हुए 15 हजार यात्रियों व स्थानीय लोगों का कुशल रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार केदारनाथ आपदा प्रभावित हुए लोगों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा जिसमें चारधाम यात्रा, नंदा राजजात यात्रा, कांवड़ यात्रा बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को शीतकालीन में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयासरत है जिसमें केदारनाथ की शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर, ऊखीमठ बदरीनाथ की शीतकालीन गद्दी स्थल पांडुकेश्वर, जोशीमठ, यमुनोत्री का खरसाली तथा गंगोत्री का शीतकालीन स्थल मुखवा में श्रद्धालु दर्शन करें। इस दिशा में भी कार्य किया जा रहा है ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे एवं उनकी आर्थिकी भी मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें पर्यटन विभाग की 1 करोड़ 18 लाख, संस्कृति विभाग की 8 लाख 70 हजार, पंचायती राज विभाग की 50 लाख, लोक निर्माण विभाग की 53 लाख, 46 हजार, 46 लाख 61 हजार व एक करोड़, 21 लाख 53 हजार के अलावा सिंचाई विभाग की 76 लाख 61 हजार की योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा विधानसभा केदारनाथ के अंतर्गत जिन विभागीय कार्यों का शिलान्यास किया गया उनमें विकास खंड ऊखीमठ के अंतर्गत पंचायत भवन चौमासी तथा पंचायत भवन जौला हेतु 20 लाख, ग्राम पंचायत खडिया में पंचायत भवन का निर्माण सहित ग्राम पंचायत बड़ासू में रास्ता खडंजा निर्माण, ग्राम पंचायत जामू में कंजनपुर तोक से जागेश्वर मंदिर तक खडंजा सीसी मार्ग निर्माण, ग्राम पंचायत बड़ासू गांव से मां राज राजेश्वरी मंदिर तक खडंजा टाइल्स रास्ता निर्माण तथा ग्राम पंचायत देवली भणिग्राम में मुख्य मोटर मार्ग पर प्रवेश द्वार उक्त सभी कार्यों हेतु अलग-अलग 6 लाख 50 हजार, 6 लाख 50 हजार रुपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के तहत केदारनाथ धाम में रामबाड़ा से गरूड़चट्टी तक पैदल मार्ग का निर्माण हेतु 5 करोड़ 50 लाख, 29 हजार, सीतापुर पार्किंग पहुंच मार्ग पर स्पान सेतु निर्माण हेतु 6 लाख, 55 हजार केदारनाथ धाम क्षेत्रांतर्गत रामबाड़ा से गरुड़चट्टी पैदल मार्ग का चौड़ीकरण कार्य हेतु 2 लाख, 68 हजार रुपए, सिंचाई विभाग की 10 नंबर पर्वतीय सिंचाई नहरों के पुनरोद्धार की योजना हेतु 2 करोड़ दो लाख, पांच हजार, अगस्त्यमुनि एवं ऊखीमठ विकास खंड में 14 नंबर पर्वतीय सिंचाई नहरों के पुनरोद्धार की 3 करोड़ 12 लाख, विकास खंड अगस्त्यमुनि में 11 नंबर पर्वतीय सिंचाई नहरों के पुनरोद्धार की योजना हेतु एक करोड़, 92 लाख, 5 हजार, राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के अंतर्गत एक करोड़, 82 लाख 73 हजार, सोनप्रयाग पावर स्टेशन के समीप सोन नदी के बांये तट पर पार्किंग निर्माण हेतु 4 करोड़, 48 लाख रुपए आदि योजनाएं शामिल हैं। इस तरह कुल 28 करोड़ करोड़ सतावन लाख तिरेसठ हजार की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इससे पूर्व सतपाल महाराज द्वारा आज जनपद के गुलाबराय में स्थित जिम कार्बेट संग्रहालय का लोकार्पण भी किया गया।

## वरिष्ठ सर्जन डॉ. सलूजा का विदाई समारोह आयोजित

श्रीनगर गढ़वाल। नगर के सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर लोकेश सलूजा का ट्रांसफर ऋषिकेश होने पर बुधवार को विदाई समारोह आयोजित किया। डा. सलूजा पिछले चौदह सालों से संयुक्त अस्पताल श्रीनगर में अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में डॉक्टर सलूजा का स्थानांतरण जिला अस्पताल ऋषिकेश में हो गया है। मौके पर गुरुद्वारा कमेटी श्रीनगर गढ़वाल के प्रबन्धन हरविंदर सिंह लक्की भाई, उमा घिल्डियाल, गंगा असनोड़ा थपलियाल, प्रदीप अथ्वाल, महेश गिरि, डा. रचित गर्ग, डा. दिगपाल दत्त, अंकित उछोली, कैलाश पुण्डीर, कुंज बिहारी सकलानी, संतोष पोखरियाल, राबिन असवाल, गौतम मैठाणी,अजय सेमवाल, प्रियंका खत्री, राहुल आदि मौजूद थे।

## सडक़ खोलने में लापरवाही पर एई और जेई का वेतन रोका

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि मंगलवार सायं 07:27 बजे धौलछीना-शेराघाट मोटर मार्ग के सुपई बैण्ड के पास मलुवा आने से मार्ग अवरूद्ध हुआ था, जिसके सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, अल्मोड़ा एवं कनिष्ठ अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोनिवि अल्मोड़ा को अवरूद्ध मोटर मार्ग को सुचारू करने हेतु सूचना से अवगत कराया गया, परन्तु सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा मार्ग को सुचारू करने हेतु तत्काल कार्यवाही ना करते हुये अत्यधिक समय लिया। संबंधितों द्वारा लापरवाही बरतने के कारण उपरोक्त कार्मिकों का स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही प्रकरण का संज्ञान लेते हुए अग्रिम आदेशों तक उनका वेतन रोकने के निर्देश दिये गये है।

## संक्षिप्त खबरें

### हर बूथ में बनेंगे दो सक्रिय सदस्य

पौड़ी। भाजपा के सांगठनिक जनपद पौड़ी के ग्रामीण मंडल पौड़ी में सदस्यता अभियान के तहत 10 हजार सदस्य जोडने का लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में ग्रामीण मंडल के सदस्यता अभियान का आगाज किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक जगत किशोर बड़थ्वाल ने बताया कि 25 सितंबर तक ग्रामीण मंडल में 10 हजार सदस्य जोडने का लक्ष्य रखा गया है। कहा प्रत्येक बूथ पर कम से कम दो सक्रीय सदस्य बनाए जाएंगे। जिसका दायित्व 100-100 सदस्य जोडने का होगा। अभियान के पहले दिन मंडल के 50 सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक मंमगाई, दिगंबर नेगी, अनुसूया प्रसाद उनियाल, दिनेश गौड़, राकेश नेगी, प्रेम सिंह, ज्योति सुंदरियाल, संतोषी गुसांई आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने हिमालय सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली

पौड़ी। हंस अस्पताल सतपुली में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में लगभग 200 अस्पताल प्रबंधन कर्मियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिमालय रक्षा का संकल्प लिया। अस्पताल के सीएमओ डा. आरएस रावत, आईटी हेड मुकेश रावत, डिप्टी मैनेजर मनीष बिष्ट, यूनिट हेड पंकज शर्मा, पुष्पेंद्र राणा, चैन सिंह, मनीष, डबल मियां, अर्णव सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, स्टाफ मॉर्डन पब्लिक स्कूल व ग्रीन पब्लिक स्कूल में भी छात्र-छात्राओं ने हिमालय प्रतिज्ञा की शपथ ली।

### पौड़ी में ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन

पौड़ी। हिमालयन संविदाकार ठेकेदार समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को लोनिवि कार्यालय में धरना देते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित ठेकेदारों ने 19 सूत्रीय मांगें जल्द पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बुधवार को हिमालयन संविदाकार ठेकेदार समिति ने लोनिवि प्रांतीय खंड के कार्यालय में धरना देते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष संतन सिंह नेगी, सचिव प्रदीप असवाल आदि ने कहा कि पिछले लंब समय से ठेकेदार विभिन्न समस्याओं के हल की मांग कर रहे है लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने 10 करोड़ तक के काम प्रदेश के लोगों को ही देने, निविदा में स्थाई व मूल निवास प्रमाणपत्र की अनिवार्यता करने, 5 करोड़ तक के कार्य सिंगल ब्रिड सिस्टम से करने, केंद व राज्य सरकार के बजट के 80फीसदी तक के निर्माण कार्य प्रदेश के ही ठेकेदारों को देने, बड़े कार्यों को छोटे कार्यों में बदलने का अधिकार खंडीय कार्यालय के अधिशासी अभियंता को देने की मांग उठाई। कहा कि जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर उपेंद्र भटट, अमित बुटोला, नवीन कोठारी, सुबोध नौटियाल, बिमल नेगी, दिगंबर नेगी, विनोद नेगी, कमल रावत, सुरेंद्र नेगी, मुकेश नेगी आदि ठेकेदार शामिल रहे।

### भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी ने मारी बाजी

पौड़ी। हिमालय बचाओ अभियान के तहत बुधवार को पौड़ी में हिमालय की चुनौतियां विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी सभागार पौड़ी में किया गया है। प्रतियोगिता में मुख्यालय की आठ स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें संत थॉमस स्कूल की छात्रा शिवांगी बिष्ट ने पहला, बीआर मॉर्डन स्कूल की छात्रा अर्पिता सिंह ने दूसरा और राजमति देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिमली की छात्रा यामिनी यादव ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता और प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को पौड़ी के खंड शिक्षाधिकारी मास्टर आदर्श ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। हिन्दुस्तान हिमालय बचाओ अभियान के तहत आयोजित इस भाषण प्रतियोगिता को लेकर बीआरसी पौड़ी के प्रभारी नवीन डोभाल ने विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद विषय हिमालय की चुनौतियां पर प्रतिभागियों ने बोलना शुरू किया। प्रतियोगिता में हर प्रतिभागी को 3 मिनट का समय बोलने के लिए दिया गया। जिसमें संत थॉमस स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा शिवांगी बिष्ट ने पहला स्थान हासिल किया। पिछले साल की विजेता बीआर मॉर्डन स्कूल की 12वीं की छात्रा अर्पिता सिंह दूसरे स्थान पर रही। जबकि विद्या मंदिर तिमली की 12वीं की छात्रा यामिनी यादव ने तीसरा स्थान हासिल किया। खंड शिक्षाधिकारी पौड़ी मास्टर आदर्श ने प्रतियोगिता में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को ट्राफी के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही गुरुराम रॉय पब्लिक स्कूल की 12वीं की छात्रा मुस्कान कंडवाल, एमआईसी में 10वीं के छात्र रोहित सिंह, जीआईसी में 12वीं के छात्र प्रियांशु रावत, जीजीआईसी की 9वीं की छात्रा निहारिका, डीएवी इंटर कॉलेज पौड़ी की 12 वीं कक्षा की छात्रा रितु को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर प्रमाण पत्र दिए।

# उत्तराखंड : इन बैंकों में 1000 पदों पर भर्ती, उत्तराखंड के युवा ऐसे करें आवेदन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







देहरादून 05 सितम्बर : इस सुनहरा अवसर का लाभ उठाकर इच्छुक युवा न केवल बैंकों में काम करने का मौका पा सकते हैं, बल्कि प्रशिक्षण के साथ-साथ 15,000 रुपए प्रति माह स्टाइपेंड भी प्राप्त कर सकते हैं। भारत सरकार युवाओं के कौशल विकास और प्रशिक्षण के लिए कई पहल कर रही है। इसी दिशा में इंडियन ओवरसीज बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और भर्ती की घोषणा की है। दोनों बैंकों ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर दी है जिसकी पूरी जानकारी नीचे दी गई है।

इंडियन ओवरसीज बैंक ने युवाओं के लिए 550 पदों पर प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए भर्ती की घोषणा की है। इच्छुक उम्मीदवार 10 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और परीक्षा 22 सितंबर को आयोजित की जाएगी। आवेदन के लिए न्यूनतम उम्र 20 वर्ष और अधिकतम 28 वर्ष निर्धारित की गई है, हालांकि बैंक की नीतियों के अनुसार उम्र में छूट भी दी जा सकती है। शैक्षणिक योग्यता के तौर पर स्नातक डिग्री आवश्यक है। उत्तराखंड में 7 पदों के लिए भर्ती की जाएगी और चयनित उम्मीदवारों को 10,000 से 15,000 रुपए प्रति माह स्टाइपेंड के साथ प्रशिक्षण मिलेगा। आवेदन करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार www.iob.com या www.bfsissc.com पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं।

युवाओं के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 500 पदों पर ट्रेनिंग के लिए भर्ती की अधिसूचना जारी की है। इच्छुक उम्मीदवार 17 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम उम्र 20 साल और अधिकतम 28 साल तय की गई है, हालांकि बैंक की नीतियों के तहत अधिकतम उम्र सीमा में छूट भी प्रदान की जा सकती है। शैक्षिक योग्यता के रूप में स्नातक डिग्री आवश्यक है और उत्तराखंड में कुल तीन पदों के लिए भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के साथ-साथ प्रति माह 15,000 रुपए का स्टाइपेंड भी मिलेगा। आवेदन करने के लिए इच्छुक युवा www.unionbankofindia.co.in या www.bfsissc.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

ट्रेनिंग के लिए भर्ती में आवेदन करने का शुल्क निर्धारित किया गया है। जनरल, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 944 रुपए है, जबकि महिला, एससी और एसटी वर्ग के लिए 708 रुपए शुल्क रखा गया है। पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए यह शुल्क 472 रुपए है। भर्ती के लिए दोनों बैंकों में 100 सवालों का ऑनलाइन टेस्ट होगा, जिसमें सही जवाब पर एक अंक मिलेगा। लिखित परीक्षा पास करने के बाद उम्मीदवारों का लोकल भाषा में भी टेस्ट लिया जाएगा। इसके बाद ही चयनित युवाओं की ट्रेनिंग के लिए भर्ती की जाएगी।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में खुला नौकरियों का पिटारा, NHM में डॉक्टर-नर्स समेत 1410 भर्तियां

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 05 सितम्बर : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 1410 पदों पर भर्तियां शुरू होने वाली है। इस अभियान के तहत डॉक्टर, काउंसलर, टेक्नीशियन के अलावा नर्सिंग अधिकारियों की भी भर्तियां की जाएंगी। उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाने की तैयारी हो रही है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार के अनुसार राज्य में जल्द ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 1410 खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इनमें डॉक्टर, काउंसलर, टेक्नीशियन और नर्सिंग अधिकारियों के पद शामिल हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि इस भर्ती प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए, ताकि गढ़वाल और कुमाऊं के सभी जिलों के अस्पतालों में स्टाफ की कमी को दूर किया जा सके। वर्तमान में एनएचएम के तहत 6,246 पदों में से 4,836 पर कर्मचारी पहले से काम कर रहे हैं और शेष 1410 पदों पर नियुक्ति के लिए विभाग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। जल्द ही राज्य के सभी जिलों में भर्ती प्रक्रिया को अमल में लाया जाएगा।

# बच्चों में इतना गुस्सा, नारियल पानी नहीं मिला तो कॉन्स्टेबल के बेटे ने कर ली आत्महत्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





कोटद्वार 05 सितम्बर : किशोर की आत्महत्या के पीछे का कारण नारियल पानी न मिलना बताया जा रहा है जो सभी के लिए चौंकाने वाला है। बेटे की इस घटना ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। कोटद्वार कोतवाली थाने के उपनिरीक्षक पंकज तिवारी ने किशोर आत्महत्या मामले की पूरी जानकारी साझा करते हुए बताया कि कक्षा 10 के छात्र ने शाम 6:30 बजे स्कूल से लौटने के बाद नारियल पानी की मांग की।

लेकिन परिवार के सदस्यों ने उसे अगले दिन तक इंतजार करने को कहा। क्योंकि शाम को नारियल पानी पीने से उसे सर्दी लग सकती है। इसके बाद किशोर ने अपने कमरे में जाकर खिड़की की ग्रिल से फंदा लगा लिया। जांच अधिकारी के अनुसार किशोर का शव परिवार ने उस समय पाया जब वे उसे शाम के नाश्ते के लिए बुलाने उसके कमरे में गए थे।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जब यह घटना घटी किशोर के पिता चमोली में तैनात थे। उपनिरीक्षक पंकज तिवारी ने पुष्टि की कि इस घटना की सभी परिस्थितियों की गहराई से जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षक दिवस पर साहित्यकारों को नवाजेंगे

चमोली। शिक्षक दिवस पर गोपेश्वर में पुस्तक वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में चमोली जनपद के दस साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मुकेश कुमार ने बताया कि शिक्षक दिवस के मौके पर गीता स्वामी इंटरमीडिएट कॉलेज गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत सहित्यकार ज्योति बिष्ट, मुरली दिवान, रोशनी पोखरियाल, कुलदीप गैरोला, बृजेश रावत, दर्शन सिंह नेगी, अनुराधा, भगत सिंह राणा, शशि देवली, दीपक सती, पत्रकार महिपाल गुसाईं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान प्राथमिक, जूनियर और इंटरमीडिएट विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापना के लिए पुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा।

### किरायेदार का सत्यापन न कराने पर तीन मकान मालिकों का चालान

चमोली। चमोली पुलिस ने सत्यापन की कार्रवाई कर गौचर में बुधवार को तीन मकान मालिकों का तीस हजार रुपये का चालान किया। कर्णप्रयाग थानाध्यक्ष डीएस रावत ने बताया कि बाहरी राज्यों से आने वालों का सत्यापन किया जा रहा है। गौचर से सत्यापन अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के दौरान बाहरी व्यक्तियों, दुकानदारों और किरायेदारों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने क्षेत्र में रह रहे सभी बाहरी लोगों से उनके पहचान पत्रों की जांच की और उनके ठिकाने के बारे में जानकारी एकत्र की।

### नन्दानगर में बाजार खुले, निषेधाज्ञा हुई खत्म

चमोली। 31 अगस्त को नन्दानगर में किशोरी के साथ छेड़छाड़ के बाद एक सितंबर को जमकर बवाल हुआ था। घटना से नाराज विभिन्न संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। चमोली जिले के कई कस्बों में भी प्रदर्शन हुए थे। नन्दानगर में बाजार को बंद कराया गया था। लगातार बढ़ते विवाद के बीच सोमवार को एसडीएम राजकुमार पांडे ने नन्दानगर नगरीय और उसके 200 मीटर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू की थी। बुधवार को निषेधाज्ञा समाप्त होने के आदेश जारी कर दिए गए। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि नन्दानगर में दो सितम्बर को लागू की गई धारा 163 बुधवार को हटा दी गई है। नगर में शांति व्यवस्था कायम होने पर यह निर्णय लिया गया।

### पौधे रोप उनके संरक्षण का संकल्प लिया

चमोली। अम्बी स्मृति वन तिलपानी कुलसारी में स्मृति वन के संस्थापक सरपंच महिपाल सिंह रावत के सौजन्य से पौध रोपण किया गया। वन विभाग,मदरलैंड पब्लिक स्कूल,उद्योगिनी संस्था कुलसारी के सहयोग से पौधे रोपे गए। वक्ताओं ने कहा कि अम्बी स्मृति वन की स्थापना साल 2000 में वन पंचायत सरपंच महिपाल सिंह रावत ने अपनी पत्नी स्व.अम्बी देवी की स्मृति में किया गया था। इस दौरान अलकनंदा वन प्रभाग के रेंजर सुरेंद्र सिंह बिष्ट, दिनेश गुसाईं, मोहन कुमार, दीपक, महेश, मेहरबान सिंह नेगी, नरेश चौहान, त्रिलोक सिंह खत्री, भवान सिंह भंडारी, महावीर सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह, केतन सिंह, रेनू तोमर, दीपक सिंह, मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भरत सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### अगस्त्यमुनि को 28 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि खेल में आयोजित कार्यक्रम में केदारनाथ और रुद्रप्रयाग विधानसभा की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण- शिलान्यास किया गया। केदारनाथ विधानसभा के लिए 24. 22 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश की उन्नति, प्रगति की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को केदारनाथ यात्रा मार्ग में जो आपदा आई, उसमें प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के साथ त्वरित राहत और बचाव कार्य करते हुए 15 हजार यात्रियों व स्थानीय लोगों को रेस्क्यू किया। केदारनाथ आपदा प्रभावितों की हरसंभव मदद की जाएगी।

# ऋषिकेश : टीएचडीसी व महाराष्ट्र के बीच हुआ 33,600 करोड़ का करार






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश : विद्युत क्षेत्र की अग्रणी और प्रतिष्ठित पीएसयू, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन विभाग (GoMWRD) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर माननीय उप मुख्यमंत्री, गृह, कानून और न्याय, जल संसाधन और लाभ क्षेत्र विकास, आवास, ऊर्जा, प्रोटोकॉल, मंत्री, महाराष्ट्र सरकार, देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत महाराष्ट्र में छह पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (PSPs) के माध्यम से पंप स्टोरेज ऊर्जा का विकास किया जाएगा, जिसकी कुल क्षमता 6,790 मेगावाट होगी और इसमें 33,600 करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्तावित निवेश शामिल है। फडणवीस ने इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर सफलतापूर्वक हस्ताक्षर करने के लिए टीएचडीसीआईएल के प्रबंधन को हार्दिक बधाई दी तथा परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और शीघ्र पूरा होने को सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य डेवलपर को सर्वेक्षण, जांच, और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPRs) तैयार करने में सहायता करना है, साथ ही केंद्रीय और राज्य सरकार की मौजूदा नीतियों, योजनाओं और नियमों का पालन करते हुए समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं को स्थापित करने में सुविधा प्रदान करना है।

आर. के. बिश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल ने इस ऐतिहासिक समझौते पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश के उर्जा प्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के माध्यम से टीएचडीसीआईएल को महाराष्ट्र राज्य में पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) की अप्रयुक्त क्षमता का विकास करने में मदद मिलेगी।

विश्नोई ने इस बात पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि टीएचडीसीआईएल भारत की सबसे बड़ी सीपीएसई (CPSE) परियोजना, 1000 मेगावाट के टिहरी पीएसपी (PSP) के संचालन के करीब है जो कंपनी की अत्याधुनिक हाइड्रो परियोजनाओं को विकसित करने में विशेषज्ञता को दर्शाता है। इस एमओयू के तहत छह योजनाबद्ध परियोजनाओं में मालशेज घाट पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (700 मेगावाट), अरुणा पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (1950 मेगावाट), खराड़ी पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (1250 मेगावाट), हम्बरली बिरमानी पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (1000 मेगावाट), अरुणा कोलंब पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (1200 मेगावाट) और मोरावाड़ी मजारेवाड़ी पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (690 MW) शामिल हैं । इस समझौते पर हस्ताक्षर, महाराष्ट्र की ऊर्जा अवसंरचना में एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत देते हैं और राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

बिश्नोई ने यह भी बताया कि एमओयू टीएचडीसीआईएल और जीओएम डब्ल्यूआरडी (GoMWRD) के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों को निर्धारित करता है। इस सहयोग के तहत, जीओएम डब्ल्यूआरडी (GoMWRD) टीएचडीसीआईएल से प्राप्त आवेदनों के बाद परियोजनाओं के लिए आवश्यक जल आवंटन की प्रक्रिया में सहायता करेगा, जिसमें प्रारंभिक भराई और वार्षिक उपभोक्ता आवश्यकताएं शामिल हैं। इसके बदले में, टीएचडीसीआईएल प्रत्येक परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करेगा और इन्हें केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) और जीओएमडब्ल्यूआरडी (GoMWRD) को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा।

इन परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की ओर से निदेशक (कार्मिक), शैलेन्द्र सिंह और महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव, दीपक कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते से महाराष्ट्र की ऊर्जा प्रणाली में उन्नति होगी और टीएचडीसीआईएल की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार की योजना को समर्थन मिलेगा।

उक्त समझौते में यह भी कहा गया है कि राज्य मौजूदा नीतियों के अनुसार समय पर मंजूरी और अनुमोदन प्राप्त करने में टीएचडीसीआईएल की सहायता करेगा। टीएचडीसीआईएल विभिन्न विभागों में आवेदन करने के लिए जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा और इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जल संसाधन मंत्रालय को सूचित करेगा।विश्नोई ने आगे बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने पर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इससे इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और परियोजनाओं के निर्माण के दौरान सालाना आधार पर लगभग 30 लाख मानव घंटे प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है, साथ ही कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे व्यापक सेवा क्षेत्र को समर्थन मिलेगा।टीएचडीसीआईएल के निदेशक (कार्मिक), शैलेंद्र सिंह ने इस समझौता ज्ञापन से महाराष्ट्र के ऊर्जा परिदृश्य पर पड़ने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, ₹यह समझौता ज्ञापन टीएचडीसीआईएल और महाराष्ट्र राज्य दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता है, बल्कि सतत और नवीकरणीय ऊर्जा विकास के हमारे साझा दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।सिंह ने छह पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹इन छह महत्वपूर्ण पीएसपी के विकास से न केवल महाराष्ट्र के पावर ग्रिड की विश्वसनीयता और स्थिरता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, बल्कि राज्य के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने के प्रयासों में भी योगदान मिलेगा। जीओएम डब्ल्यूआरडी (GoMWRD) के साथ सहयोग सुनिश्चित करता है कि हम राज्य की नीतियों के अनुरूप कार्यरत हैं और टीएचडीसीआईएल (THD-CIL) इन परियोजनाओं के सफल निष्पादन के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करेगा।

# यूपीआई प्रचालनीय नकद जमा यूपीआई आईसीडी का शुभारंभ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

■ **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 शुरू**

देहरादून , 5 सितंबर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मुंबई में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में एंड्रॉयड कैश रिसाइक्लर मशीन (सीआरएम) में अपना प्रमुख उत्पाद यूपीआई अन्तः प्रचालनीय नकद जमा – यूपीआई आईसीडी का शुभारंभ किया.इस शुभारंभ कार्यक्रम में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर श्री टी. रबी शंकर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक श्री नितेश रंजन की गरिमामयी उपस्थित रही. पुनः, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इस नवोन्मेषन के शुभारंभ के साथ अत्याधुनिक भुगतान उत्पादों में अग्रणी है, जो अन्तः प्रचालनीय, कार्ड लेस जमा और स्वयं और तीसरे पक्ष दोनों के लिए जमा करने की क्षमता जैसे प्रमुख लाभ प्रदान करता है.

इस उत्पाद के साथ, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया या किसी अन्य बैंक के ग्राहक किसी भी आईसीडी सक्षम यूपीआई ऐप के साथ स्क्रीन पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूनियन बैंक के सीआरएम में नकद जमा कर सकते हैं. फिर वे मोबाइल नंबर, यूपीआई आईडी या खाता और आईएफ़एससी विवरण दर्ज करके लाभार्थी का चयन कर अपने यूपीआई पिन का उपयोग करके लेनदेन को प्रमाणित कर सकते हैं.




पिछले वर्ष, बैंक ने अपने एटीएम पर अन्तः प्रचालनीय कार्ड लेस नकद निकासी की शुरुआत की थी, जिससे ग्राहक यूपीआई क्यूआर कोड का उपयोग करके नकदी निकाल सकते थे. वर्तमान पहल भारत में ग्राहकों के लिए नकद जमा करने की सुविधा को बढ़ाएगी. डिजिटल भुगतान में बढ़ोत्तरी के कारण, और यह कि भारत इस ट्रेंड में सबसे आगे है, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा यह शुभारंभ ग्राहकों के लिए जमा प्रक्रिया को सरल बनाता है.

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे- विकास कुमार-8057409636

## जल जीवन मिशन के कार्य में देरी पर सीडीओ नाराज

हल्द्वानीता। सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने बुधवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा की। नैनीताल में धीमी गति से चल रहे कार्यों पर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर की। बताया मिशन के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 1,13,624 परिवारों को क्रियाशील पेयजल संयोजन से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के शुरू में जिले में मात्र 24910 ग्रामीण परिवार को ही योजना का लाभ मिल रहा था। और अब 1,01,000 (88.06) प्रतिशत परिवारों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। सीडीओ ने बताया जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में कुल 2008 गांवों में से 240 में एफएचटीसी प्रदान कर दिया गया है। 102 ग्रामों में हर घर जल प्रमाणीकरण कर दिए गए हैं। कहा कि जल जीवन में 1025 योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। जिसकी लागत 1153.14 करोड़ है। कहा की 2023-24 में प्राप्त धनराशि से 403.87 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है। बताया की जनपद के 1289 ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में और 979 आंगनबाड़ी केंद्रों को पेयजल लाइनों का लाभ दिया जा चुका है।

# सीमांत गांव माणा और नीति में मास्टर प्लान के तहत होगा पर्यटन स्थलों का विकास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। सीमांत गांव माणा और नीति में धार्मिक और पर्यटक स्थलों के विकास हेतु मास्टर प्लान के तहत कार्य किए जाएंगे। इसके लिए आईएनआई डिजाइन कंपनी ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को आईएनआई डिजाइन कंपनी की ओर से मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। सतत पर्यटन विकास के अंतर्गत ग्राम पंचायत माणा में केशव प्रयाग, माता मूर्ति मंदिर, व्यास गुफा, गणेश गुफा, भीम पुल, माणा हॉट बाजार, पांडव चौक, आईटीबीपी में सरहद गाथा, घस्तौली सहित 14 स्थानों को बार्डर टूरिज्म के लिए विकसित किया जाएगा। जबकि नीती, मलारी और टिम्मरसैंण महादेव मंदिर को भी मास्टर प्लान के तहत विकसित करने की योजना तैयार की गई है।

जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित किया कि नीति और माणा में बार्डर टूरिज्म के तहत प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पहले आर्मी, आईटीबीपी, हितधारकों और स्थानीय लोगों को प्रस्तावित कार्यो की पूरी जानकारी दी जाए। ताकि बेहतर तालमेल के साथ काम पूरे किए जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि आईएनआई के साथ मिलकर प्रस्तावित विकास कार्यो के लिए सरकारी एवं निजी भूमि का अच्छी तरह से सर्वेक्षण कराया जाए और जिस भूमि पर विकास कार्य प्रस्तावित किए



गए है वहां पर कोई अन्य निर्माण न किया जाए। निजी भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। आईएनआई डिजाइन कंपनी से समन्वय करते हुए इंटीग्रेटेड एप्रोच के साथ परियोजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान विभिन्न विभागों के सुझाव भी लिए गए। आईएनआई डिजाइन के कंसलटेंट धर्मेश गंगाडी ने बताया कि माणा में केशव प्रयाग, माता मूर्ति कैंपस विकास के साथ गणेश और व्यास गुफा को मूल स्वरूप दिया जाएगा।

माणा गांव में हॉट बाजार, पांडव चौक और आईटीबीपी के कैंपस में परेड ग्राउंड, पार्किंग, तथा सरहद गाथा के तहत म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। बार्डर टूरिज्म के तहत घस्तौली में हेलीपैड, सेफ हाउस, पार्किंग सहित विभिन्न पर्यटन सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। नीती में टिम्मरसैंण महादेव मंदिर तक जाने वाले एक किलोमीटर ट्रैक पर लकडी की रेलिंग, ट्रैक पर बेस कैंप, शिव उद्यान, पार्किंग के साथ नीती में कम्युनिटी हॉल, मलारी में विलेज चौक का निर्माण हेतु डिजाइन तैयार किया गया है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एसके श्रीवास्तव, जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेंद्र पांडेय सहित वीसी के माध्यम से एसडीएम सीएस वशिष्ठ, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, आईटीबीपी एवं आर्मी के अधिकारी मौजूद थे।

## सारथी फाउंडेशन समिति के तृतीय वार्षिकोत्सव पर समाजसेवियों का हुआ सम्मान

हल्द्वानी। हल्द्वानी के मुख़ानी रोड स्थित माँ जगदम्बा बैंक्विट हॉल में बुधवार को सारथी फाउंडेशन समिति का तृतीय स्थापना दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इसमें विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद सांस्कृतिक और संदेशात्मक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। बुधवार को हल्द्वानी के मुख़ानी रोड पर स्थित माँ जगदम्बा बैंक्विट हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें कुमाऊँनी सगुना आखर का गायन और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद विभिन्न कलाकारों ने कुमाऊँनी नृत्य, कत्थक, और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सारथी फाउंडेशन समिति के अध्यक्ष नवीन पंत और सचिव ज्ञानेंद्र जोशी के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। इस वर्ष संस्था ने सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों, स्वरोजगार करने वाली महिलाओं, और पर्यावरण क्षेत्र में योगदान देने वालों को सम्मानित किया। भवाली के डॉक्टर गणेश पंत, जिन्होंने 18,000 गरीब लोगों का निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन किया है, उन्हें भी सम्मानित किया गया।सारथी फाउंडेशन ने अपने तीन वर्षों के सफल कार्यकाल को समाज के हित में काम करने वालों के सम्मान मे मनाया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी योगेश जोशी, निर्वतमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर पन्त, और देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर उपस्थित रहे। नैनी महिला जागृति समिति, इनरव्हील क्लब, और अन्य कई सामाजिक संगठनों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने ली हिमालय बचाओं की शपथ

बागेश्वर। हिमालय बचाओ अभियान की मुहिम में तीसरे दिन चार हजार, 495 लोगों ने हिमालय बचाओ की शपथ ली। कौसानी समेत आठ स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कौसानी में हिमालय बचाओ की शपथ ली। उन्होंने पर्वतराज हिमालय को भारत का मुकुट बताया। सभी से इसकी सुरक्षा के लिए आगे आने का आह्वाहन किया। मंगलवार को कौसानी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व सीएम प्रदीप टम्टा, गोविंद गुंजवाल समेत 2500 कार्यकर्ताओं को कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने हिमालय बचाओ की शपथ दिलाई। इसके अलाव कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल कपकोट में 362 छात्र-छात्राओं ने शपथ ली। इंटर कॉलेज देवतोली में 198, राइंका मैगड़ीस्टेट में 325 कंट्रीवाइड कांडा 425, इंटर कॉलेज गागरीगोल 235, पंडित दीन दयाल उपाध्याय विद्या मंदिर पुरडा गरुड़ में 450 समेत चार हजार 195 लोगों ने हिमालय बचाओ की शपथ ली। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दुस्तान अखबार ने हिमालय बचाने के लिए जो मुहिम छेड़ी है वह आज हर व्यक्तित तक पहुंच चकी है। लोगों को हिमालय के महत्व के बारे में जानकारी मिल रही है। हिमालय के नहीं होने के खतरे भी अब लोग जान रहे हैं। लोगों ने नदियों को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए आगे आने की अपील की। साथ ही पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े के बैगों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की अपील की।

## जिले के वैदर स्टेशनों की होगी जांच

हल्द्वानी। कुमाऊं मंडल उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. बृजेश कुमार ने बुधवार को विकास भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें किसानों को बीमा कंपनी की ओर से फसलों का बीमा नहीं दिए जाने की समस्या को सुना। इसके बाद उन्होंने वैदर स्टेशनों की जांच के निर्देश दिए। बैठक में किसानों ने बताया कि बीमा कंपनी ने भीमताल, धारी, रामगढ़ और ओखलकांडा के किसानों को बीमे का भुगतान सही तरीके से नहीं किया है। किसानों ने कहा कि विधायक राम सिंह कैड़ा ने विभाग के अधिकारियों और बीमा कंपनी के साथ बैठक कर बीमा देने को कहा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों ने बीमे का भुगतान जल्द कराने को कहा है। संयुक्त निदेशक डॉ. बृजेश कुमार ने कहा कि किसानों की समस्या पर एक कमेटी के माध्यम से वैदर स्टेशनों की जांच की जाएगी। जांच में खामियां मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को उचित बीमा दिलाया जाएगा। बैठक में जिपं सदस्य अनिल चनौतिया, सीएचओ डॉ. रजनीश सिंह, भावना जोशी, गोपालकृष्ण भट्ट, कमल पलडिया शामिल रहे।

## कार्यकाल दो साल बढ़ाने को गोलज्यू मंदिर में अर्जी लगाई

चम्पावत। उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की संवाद यात्रा बुधवार को मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत पहुंची। संगठन ने कार्यकाल दो साल बढ़ाने की कामना को लेकर न्याय के देवता गोलज्यू मंदिर में अर्जी लगाई। मांग के समर्थन में 2511 सदस्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पोस्टकार्ड भी भेजेंगे। त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की संवाद यात्रा के चम्पावत पहुंचने के बाद संगठन के प्रदेश संयोजक जगत मर्तोलिया के नेतृत्व में लोगों ने गोलज्यू मंदिर में अर्जी लगाई। इसके बाद संगठन की जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई। प्रदेश संयोजक ने कहा कि सीएम धामी पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर संवेदनशील नजर आ रहे हैं।

संगठन को भरोसा है कि सीएम मांग को लेकर जल्द ऐतिहासिक फैसला लेंगे। प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नकल विरोधी कानून, नागरिक संहिता जैसे ऐतिहासिक कानून लागू किए हैं। प्रधान भुवन चौबे के संचालन में हुई बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री को रोज फोन करने व जिले के 2511 सदस्यों से एक-एक पोस्टकार्ड उन्हें भेजने की अपील की। इससे पूर्व संगठन जिलाध्यक्ष मनोज सिंह तड़ागी और मोहन सिंह तड़ागी ने यात्रा दल का स्वागत किया।

## भाजपा राज्य में बनाएगी दस लाख नए्रकार्यकर्ता

चम्पावत। भाजपा के प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने कहा है कि सदस्यता पर्व के तहत पार्टी राज्य में दस लाख से अधिक नए कार्यकर्ता बनाएगी। भाजपा जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसके दस करोड़ से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। बुधवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री ने सदस्यता अभियान का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की सदस्यता छह साल बाद स्वतः समाप्त हो जाती है। इसके बाद कार्यकर्ताओं को नए तरीके से सदस्यता हासिल करनी होती है। बताया कि सदस्यता के लिए टॉल फ्री नम्बर जारी किया गया है, जिसमें मिस्ड कॉल कर पार्टी की सदस्यता हासिल की जा सकती है। सौ नए सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य का दर्जा दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस वार्ड परिसीमन की गड़बडिय़ों को निर्वाचन आयुक्त के पास ले गई

देहरादून।नगर निगम के वार्डों का परिसीमन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को देहरादून में राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने वार्डों का नए सिरे से परिसीमन करने के साथ ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तरह फोटो युक्त मतदाता सूची बनाने की मांग की। देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मनमाने ढंग से परिसीमन किया गया है। साथ ही समय पर चुनाव करवाने की मांग भी उठाई। लालचंद शर्मा ने कहा कि नगर निकायों के कार्यकाल नौ महीने पहले खत्म हो चुका है और सरकार चुनाव टालने का काम कर रही है। बोर्ड बैठक में पास हुए कार्यों के कार्यादेश जारी नहीं किये जा रहे हैं जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। पूर्व विधायक राजकुमार ने परिसीमन पर लगी आपत्तियों का निस्तारण नहीं किए जाने का मामला राज्य निर्वाचन आयुक्त के सामने उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पूरे सिस्टम ने सत्ताधारी भाजपा नेताओं के दबाव काम किया है। परिसीमन में जनसंख्या के आधार पर आरक्षण के मानकों की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रत्येक वार्ड के लिए 8 हजार जनसंख्या का मानक रखा है, लेकिन कई वार्डों की जनसंख्या 10 हजार से अधिक हो गई है। निवर्तमान पार्षदों के वार्डों में आबादी का सही संतुलन नहीं रखा गया है। प्रतिनिधिमण्डल में लालचंद शर्मा, राजकुमार के साथ कोमल बोहरा, संगीता गुप्ता, अनूप कुमार, अमित कुमार, अरुण कुमार शर्मा, रमेश कुमार मंगू, मोहन गुंरुग, मनीष कुमार, दीप बोहरा, निखिल कुमार, अर्जुन सोनकर, महेंद्र रावत, अमित भंडारी, अनिल क्षेत्री, अनुराग गुप्ता, राजेश पंवार शामिल रहे।

### स्मार्ट मीटर लगाने का किसानों ने किया विरोध

रुडक़ी। किसानों और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तराखंड किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना तहसील में शुरू हो गया। पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती किसानों का धरना जारी रहेगा। किसानों ने धरना प्रदर्शन के साथ ही नारेबाजी भी की। रुडक़ी तहसील स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने कहा विद्युत विभाग द्वारा अब क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। वह न लगाए जाएं। क्योंकि किसानों की फसलों के दाम एक वर्ष में मिलते हैं तो वह हर माह बिल कैसे देगा। उन्होंने कहा कि उकिमो गांवों में स्मार्ट मीटर किसी कीमत पर नहीं लगने देगा। वहीं उन्होंने कहा कि इकबालपुर मिल पर छह वर्षों से सौ करोड़ से अधिक बकाया है, जिसे जल्द दिलवाया जाए। वहीं रुडक़ी को हरिद्वार से जोडऩे वाला सोलानी नदी पुल के निर्माण की मांग किसानों ने की। उन्होंने कहा कि यह पुल डेढ़ वर्ष से बंद है। जिसके कारण स्कूल बसों और रोडवेज बसों को काफी लंबा घूमकर जाना पड़ता है और किसानों के गन्ने के वाहन भी यहां से नहीं जा पाते। उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण जल्द होना चाहिए। ताकि बड़े वाहनों की आवाजाही में सुविधा मिल सके। वहीं लिब्बरहेड़ी में बंद किए गए पुल के स्थान पर नए पुल के निर्माण की मांग की। इसके साथ ही बड़ेडी राजपुताना में हाइवे पर कट से आगे लगाए गए बोर्ड को पहले लगाने की मांग की। जिलाध्यक्ष महकार सिंह ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नही होती तब तक धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर चौधरी सुरेंद्र नंबरदार, पवन त्यागी, संदीप, मोहम्मद आजम, मोहम्मद आकिल, चौधरी धर्मेंद्र सिंह, इरशाद, मुबारिक अली, सतबीर प्रधान, नरेंद्र सिंह, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार जनरल सिंह, अवतार सिंह, सत्यपाल सिंह, महिपाल सिंह, आरिफ, राहुल सैनी, विनोद कुमार, जोनी, समीर आलम, सरदार जोगिंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### रुडक़ी रोडवेज और टॉकीज के आसपास नहीं होगी तंबाकू की बिक्री

रुडक़ी।शहर की पुलिस तंबाकू विक्रय अधिनियम का पालन अब सख्ती से लागू करा रही है। इसी क्रम में रोडवेज, रुडक़ी टॉकीज और आईआईटी शताब्दी द्वार से 100 मीटर की दूरी तक तंबाकू और सिगरेट बिक्री पर रोक लगा दी गई है। कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि बुधवार को रुडक़ी टॉकीज, रोडवेज बस अड्डे के आसपास 25 दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं, जो शिक्षण संस्थान के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री कर रहे थे। शहर के शताब्दी द्वार और पोलारिस होटल के पास काफी सारी दुकानें और खोखे हैं। जहां पर देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कई बार मारपीट और हुड़दंग की शिकायत भी मिल चुकी है। अब कोई ऐसी सार्वजनिक जगहों पर देर रात हुड़दंग या बेवजह घूमते पुलिस को दिखा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संकुल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान

ऋषिकेश। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास-विकास में बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आवास-विकास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्या मंदिर अपने संस्कारों और अनुशासन और आचार्य परिवार की लगन और उनके कठोर परिश्रम से लगातार नए मुकाम को हासिल कर रहा है। ये सभी के लिए खुशी का पल है। विद्यालय के मीडिया प्रभारी नरेन्द्र खुराना ने बताया कि बीते रोज हरिद्वार में विद्या भारती योजनानुसार संकुल स्तरीय प्रतियोगिताएं हुईं, जिसके स्वरचित काव्य पाठ में मोहम्मद इरफान ने प्रथम स्थान, आचार्य पत्र वाचन में सुहानी सेमवाल ने दूसरा स्थान, गीत में अर्पित पाल ने दूसरा, मूर्तिकला में समीर आर्य ने दूसरा और जय तोमर ने तीसरा प्राप्त किया। वहीं लोक नृत्य में विद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान, सांस्कृतिक प्रश्न मंच में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मौके पर कार्यक्रम संचालक रामगोपाल रतूड़ी, उप प्रधानाचार्य नागेंद्र पोखरियाल, रश्मि गुसाई, राजेश बडोला, कर्णपाल बिष्ट, सतीश चौहान, वीरेंद्र कंसवाल, यशोदा भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### 10 अभार्थियों को सीएम राहत कोष के चेक बांटे

ऋषिकेश। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा के 10 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक भेंट किए। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक आपदा और अन्य विपदाओं में सदैव जनता के साथ खड़ी है। बुधवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने खुशाल सिंह, अनुज त्यागी, कमला देवी, पूजा टोडी, उर्मिला देवी, दीपिका सक्सेना, कविता, पंकज पंतरी, जय प्रकाश जाटव, बेबी देवी को मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार हर संकट में जनता के साथ खड़ी है, चाहे आपदा हो, या दुःख की घड़ी हो। सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना और उसका लाभ दिलाना है। मौके पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, तहसीलदार सुशीला कोठियाल, भाजपा ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा कविता शाह, शिव कुमार गौतम, विकास तेवतिया, वीरेंद्र रमोला, विजेंद्र मोंगा, तनु तेवतिया आदि उपस्थित रहे।

# उद्योग की अपार संभावनाएं, उद्यमी राज्य के ब्रांड एम्बेसडरः गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुडक़ी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को जनपद हरिद्वार के लोधीवाला पहुंचकर मामा भांजा ग्रुप द्वारा स्थापित नव निर्मित ईकोब्लूम पल्पवेयर (वायोडी ग्रेडेबल टेबलवेयर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट) की नवीन इकाई के शुभारम्भ किया गया। मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम में लगाए गए स्टोलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा इकोब्लूम ब्रोशर का विमोचन भी किया। इकोब्लूम का यह उद्यम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत संकल्प की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इसमें कम्पनी के द्वारा पेपर पल्प से निर्मित टेवल वेयर उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। पूरी तरह से प्लास्टिक उत्पादों को स्थान ले सकेंगी। पर्यावरण की दृष्टि यह अत्यन्त ही महत्वपूर्ण प्रयास है।




कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्लास्टिक मुक्त भारत की परिकल्पना में यह प्लांट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्लांट के माध्यम से क्षेत्र वासियों को लाभ मिलने के साथ ही रोजगार का भी सृजन होगा। उद्योग के लिए उत्तराखंड का वातावरण अनुकूल है। उत्तराखंड में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। कहा कि हमारे उद्यमी राज्य के ब्रांड एम्बेसडर हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत हुए 3.56 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार का प्रयास उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प है। मंत्री गणेश जोशी ने लोधीवाला स्थित उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोषित मैसर्स हस्त निर्मित कागज उघोग का भी निरीक्षण कर जानकारी भी ली। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कार्यक्रम पहुंचना था। लेकिन बरसात के कारण मुख्यमंत्री कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, रुडक़ी विधायक प्रदीप बत्रा, जिलाध्यक्ष रुडक़ी शोभाराम प्रजापति, पूर्व विधायक देशराज कर्नवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल गोयल, सुरेंद्र मित्तल, वरिष्ठ नेता देवेंद्र चावला, मनमोहन भारद्वाज, अतुल कुमार, राजीव शर्मा, संजीव शर्मा, अरविंद शर्मा, अश्वनी शर्मा, घनश्याम कुमार, देवेंद्र चावला, अनुराग शर्मा, शुशील कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### दिखावे का आपराधिक बिल

पश्चिम बंगाल विधानसभा में 'अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक' (आपराधिक कानून एवं संशोधन) सर्वसम्मति से पारित किया गया। कोलकाता आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर बिटिया के रेप-मर्डर के बाद जो तनाव, गुस्सा, आक्रोश और विरोध-प्रदर्शन बंगाल के कई हिस्सों में देखे गए हैं, उन्हें शांत करने का यह एक सियासी प्रयास है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आशंका है कि इतने व्यापक विरोध से उनका परंपरागत जनाधार बिखर सकता है, लिहाजा बलात्कार, हत्या, यौन उत्पीडऩ की कड़ी सजाओं के मद्देनजर उन्हें यह बिल पारित कराना पड़ा। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने भी बिल का समर्थन किया, क्योंकि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। अलबत्ता यह दिखावे का बिल साबित होगा और 'राष्ट्रपति भवन' में लटक कर रह सकता है। दरअसल कोई भी राज्य केंद्रीय कानूनों के समानांतर कानून नहीं बना सकता। सभी राज्यों में अपराध और अन्य मामलों में केंद्रीय कानून ही प्रभावी और लागू होते हैं। वैसे राज्यों को अलग कानून बनाने का भी अधिकार है, लेकिन वे केंद्रीय कानून में बदलाव नहीं कर सकते। यदि राज्य ऐसा करता है, तो राज्यपाल को उस पारित विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजना होता है। बंगाल विधानसभा में जो बिल पारित किया गया है, उसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो) में संशोधन की बात कही गई है। ये कानून संसद द्वारा पारित किए गए हैं। केंद्रीय कानूनों की धाराओं के तहत बलात्कार, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के लिए 20 साल की सजा, उम्रकैद और फांसी की सजा का प्रावधान है, जबकि 'अपराजिता बिल' में सिर्फ फांसी के प्रावधान का ही प्रस्ताव है। बीएनएस के तहत बाल अपराधियों के लिए रियायतों का प्रावधान है, लेकिन 'अपराजिता' में उन्हें खत्म करने का प्रस्ताव है। गौरतलब है कि जांच, न्याय और सजा के लिए जो अवधि तय की गई है, वह अव्यावहारिक है, क्योंकि भारत में न्याय की परतें कई हैं। यदि फास्ट ट्रैक कोर्ट आरोपित को फांसी की सजा सुना भी देती है, तो उस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। उच्च न्यायालय के बाद सर्वोच्च अदालत है। अंततः राष्ट्रपति को दया-याचिका दी जा सकती है। मात्र 10 दिन में इन सभी आयामों से न्याय पाना असंभव है, लिहाजा 10 दिन में फांसी की सजा महज नारेबाजी है। जनता को भ्रमित करने की राजनीति है, ताकि कोलकाता की सडक़ें तमाम तरह की सियासत से मुक्त हो सकें। 2012 के 'निर्भया कांड' का अंतिम फैसला 8 लंबे सालों के बाद मिला था। नतीजतन उसके बाद ही बलात्कारियों को फांसी पर लटकाया जा सका। उसके बाद किसी भी बलात्कारी को मृत्युदंड नहीं दिया जा सका। यह हमारे कानून के छिद्र हैं, हालांकि 'निर्भया कांड' के बाद जस्टिस जेएस वर्मा आयोग बनाया गया था। इस आयोग ने व्यापक विमर्श के बाद, बहुत ही कम समय में, अपनी रपट दी थी। उसके आधार पर केंद्र ने जो कानून बनाया, उसमें भी दोषी को अधिकतम सजा के तौर पर मृत्युदंड का प्रावधान था। हमारे देश और समाज में बलात्कार के औसतन 86 केस हर रोज दर्ज कराए जाते हैं, कितनों को फांसी की सजा दी जाती है? बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस विपक्षी खेमे की एक महत्वपूर्ण पार्टी है। इससे पहले आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र ने भी 'मौत की सजा' को अनिवार्य करने वाले बिल पारित किए थे, लेकिन केंद्र से मंजूरी नहीं दी गई। यही नियति अब बंगाल की हो सकती है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बरेली से अकीदतमंदों का जत्था कलियर पहुंचा

रुडक़ी।साबिर पाक के 756 वें सालाना उर्स में हर साल की तरह इस बार भी करीब 264 किलोमीटर दूरी का पैदल सफर तय कर बरेली शरीफ से 150 अकीदतमंदों का एक जत्था साबरी झंडा लेकर कलियर शरीफ पहुंचा। झंडा लेकर पहुंचे अकीदतमन्दों का सज्जादानशीन परिवार की ओर से शाह यावर ऐजाज साबरी समेत अन्य सूफियों ने फूल मालाएं डाल स्वागत किया गया। झंडे को सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी कुद्दुसी ने दरगाह साबिर के बुलन्द दरवाजे पर फहराकर झंडा कुशाई (फहराना)की रस्म अदा की। पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक के 756 वें सालाना उर्स की पहली रस्म झंडा कुशाई अदा की गई।

हर साल अकीदतमंदों का एक पैदल जत्थे के रूप में बरेली शरीफ से झंडा लेकर कलियर दरगाह साबिर पाक में आते हैं। बरेली शरीफ से पहुंचे झंडे को दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ने दरगाह के बुलन्द दरवाजे पर फहराकर उर्स की पहली रस्म अदा की। झंडे की रस्म में शामिल होने के लिए अकीदतमंदों की भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ साथ पंजाब, रामपुर, मुरादाबाद आदि स्थानों से भी अकीदतमंद झंडे की रस्म में शामिल हुए। झंडे की सरपरस्ती कर रहे वसीम साबरी और कमाल साबरी ने बताया कि 15 दिन का पैदल सफर तय करने के बाद जत्था बुधवार को कलियर शरीफ पहुंचा।

जत्थे में वसीम साबरी कमाल साबरी,फैजान साबरी, सईद साबरी, सैफ साबरी, भूरा साबरी,मो$फिल साबरी, समीर साबरी,अरसलान साबरी ,लियाकत साबरी, असलम साबरी,रहमान साबरी आदि सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे। कलियर पहुंचने पर शाह यावर ऐजाज साबरी समेत अन्य सूफियों ने पैदल जत्थे का ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से स्वागत किया। सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी कुद्दुसी ने बताया कि साबिर पाक के सालाना उर्स में हर साल दरगाह के बुलंद दरवाजे पर परचम कुशाई (झंडा फहराने) की रस्म अदा की जाती है। इस दौरान देश की तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। मौके पर शाह खालिक मियां, शाह सुहेल मियां,नैय्यर अजीम फरीदी, बाबा मिस्सी शाह,शाह असद साबरी,सलीम उदयपुरी सूफी राशिद साबरी, सूफी इसरार साबरी, मुनव्वर अली, शाह गाजी,शाह राजी ,नोमी मियां, शफीक साबरी, आदिल हबीब,हैदर हबीब, बाबा बब्बू शाह, नूर मोहम्मद साबरी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले

रुडक़ी।बुधवार सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इससे जहां धान की खेती करने वाले किसानों के चेहरे खिल गए हैं, वहीं सब्जी की खेती करने वाले किसान फसल सडऩे की डर से चिंतित है। पिछले कई दिनों से बारिश न होने व तेज धूप व तापमान सामान्य से ज्यादा होने के कारण फसलों के सूखने की स्थिति पैदा हो गई थी। खेतों में पानी की कमी के कारण ज्यादातर किसान खेतों में पानी लगा रहे थे। इससे खेती की लागत बढ़ रही थी। बुधवार से क्षेत्र में बारिश हो रही है, जिससे धान की फसल को संजीवनी मिल गई। किसान सागर चौहान ने बताया कि बारिश से धान की फसल को फायदा होगा। खाली खेतों में सरसों की बुवाई के लिए पर्याप्त नमी मिल जाएगी। किसान अरविंद सैनी ने बताया कि इस समय धान की फसल गाले की अवस्था में है। इस बारिश से उत्पादन पर बेहतर प्रभाव पड़ेगा। किसान योगेंद्र ने बताया कि ज्यादा बारिश से बारिश से टमाटर, कद्दू, भिंडी, फूलगोभी, पत्तागोभी, खीरा, बैगन, फ्रेंचबीन, मिर्चा, की फसलों को नुकसान पहुंचेगा। भगवानपुर कृषि इकाई प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि बारिश से सभी फसलों को फायदा होगा ज्यादा बारिश होने पर सब्जी की फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

### नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म का आरोप

रुडक़ी।जौनपुर क्षेत्र निवासी एक युवती ने भगवानपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते नशीला पदार्थ खिलाकर दुराचार किये जाने व परिजनों के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू करती गई है। पुलिस के अनुसार जिला जौनपुर थाना क्षेत्र में रह रही एक युवती ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर साथ रहने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के आधार पर मामले को दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर धीरज कुमार पर दुराचार किए जाने व दिनेश कुमार निवासी जौनपुर पर परिवार के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दिए जाने की संबंधित धारा में मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। भगवानपुर थाना प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### घेर में सोने जा रहे ग्रामीण पर चाकू से हमला

रुडक़ी।घेर में रात के वक्त सोने के लिए जा रहे ग्रामीण पर पिता-पुत्र ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिवार के लोगों ने घायल अवस्था में ग्रामीण को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ग्रामीण को करीब 10 से अधिक टांके लगे हैं। पुलिस ने मेडिकल और तहरीर के आधार पर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। रुडक़ी कोतवाली को शंकरपुरी निवासी ओनिश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार रात को वह अपने घर से घेर में सोने के लिए जा रहा था। तभी मोनू और इलमचंद ने गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के मुताबिक अस्पताल में करीब उन्हें 10 से अधिक टांके लगे हैं। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि मोनू पुत्र इलमचंद और इलमचंद निवासी गांव शंकरपुरी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### सेवानिवृत शिक्षक आज होंगे सम्मानित

रुडक़ी।उत्तराखण्ड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद हरिद्वार की ओर से पांच सितंबर को सम्मान समारोह का कार्यक्रम गंगा फार्म हाऊस बौंगला बहादराबाद हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा। बुधवार को जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल उप शिक्षा अधिकारी रुडक़ी आकांक्षा राठौर को शिक्षक दिवस का निमंत्रण देने उनके कार्यालय पहुंचा। संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान और जिला मंत्री जितेन्द्र चौहान ने बुधवार को बताया कि उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसमें 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत हुए शिक्षकों और प्रत्येक विकास खण्ड से एक उत्कृष्ट विद्यालय को सम्मानित करने के लिए जिला कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है।

### दहेज उत्पीडऩ में पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुडक़ी। कस्बा निवासी विवाहिता ने बुधवार को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 19 दिसंबर 2023 को रोहित कुमार निवासी भवनपुर थाना देवबंद उत्तर प्रदेश के साथ हुआ था। उसके पिता ने शादी में लगभग 18 लाख रुपये खर्च कर दान दहेज दिया था। विवाह के कुछ दिन बाद ही उसके पति और ससुराल वालों ने कार की मांग की। आए दिन उसके साथ गाली गलौज और होने लगी। कुछ दिनों बाद मायके भेज दिया गया। बाद में फरवरी 2024 को कुछ लोगों के समझाने पर पति के साथ ससुराल भेज दिया गया। ससुराल जाते ही पति ने जेठ और चाचा ससुर के साथ शारीरिक संबंध बनाने का भी दबाव बनाया। सात मई 2024 की शाम को उसे मारपीट कर बंधक बनाकर बंद कर दिया गया। किसी तरह मायके वालों को सूचना दी तो आठ मई 2024 को पुलिस ने बाहर निकाला। थाना अध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर पति रोहित, मंथलेस, धर्मवीर, मोहित बिजोलिया सभी निवासी भवनपुर थाना देवबंद उत्तर प्रदेश और विश्वास निवासी गांव नेता, मुजफ्फरनगर, यूपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### बैंक प्रबंधकों और व्यापारियों को कैमरा लगाने के निर्देश दिए

रुडक़ी।कस्बा स्थित बैंक और सर्राफा व्यापारियों की बैठक में बुधवार को थाना अध्यक्ष ने सभी को सीसीटीवी कैमरे और सायरन लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। थाना अध्यक्ष अंकुर शर्मा ने कस्बा स्थित बैंक प्रबंधक और ज्वेलर्स दुकानदारों से कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक दुकानदार और बैंकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने आवश्यक हैं। सीसीटीवी कैमरा के साथ-साथ सभी दुकानदारों को सायरन भी लगाना चाहिए। शाम के समय दुकान बंद कर जिस समय घर जाते हैं उस समय सतर्क रहने की आवश्यकता है। दुकान या बाजार में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना देनी चाहिए।

### प्रतिबंधित मांस लदी बाइक छोड़ भागा आरोपी

रुडक़ी। कोतवाली के एसआई कर्मवीर सिंह, सिपाही संदीप कुमार, सौदीश कुमार रणसूरा लादपुर मार्ग पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाइक पर दो बड़े बोरे लादकर जा रहे संदिग्ध का पीछा किया। पुलिस को पीछे लगा देख आरोपी बाइक छोडक़र भाग गया। पड़ताल में बोरों के अंदर करीब 80 किलो मांस मिला। बाद में पशु चिकित्साधिकारी बहादराबाद डॉ. विपुल जैन को मौके पर बुलवाकर जांच कराई गई। जिसमें वह प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया है।

# सचिव ग्राम्य विकास, राधिका झा ने किया पीएसपी द्वारा निर्मित तथा आईएफडी द्वारा वित पोषित एग्रीबिजनेस ग्रोथ सेन्टर, ग्राम-कोटी का निरीक्षण



देहरादून। सचिव ग्राम्य विकास, राधिका झा द्वारा एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (पीएसपी) द्वारा निर्मित (वर्तमान में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना रीप) तथा अंतराष्ट्रीय कृषि विकारा निधि (आईएफडी) द्वारा वित पोषित एग्रीबिजनेस ग्रोथ सेन्टर, ग्राम-कोटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ग्राम्य विकास ने ग्रोथ सेन्टर अंतर्गत सेब का प्रसंस्करण आदि कार्य देखा गया एवं विभिन्न स्थानीय उत्पादों का मूल्य संवर्द्धन आदि प्रक्रिया देखी।

भ्रमण के दौरान सचिव ग्राम्य विकास ने ग्राम पंचायत कोटी में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित 8 लाभार्थीयों के आवास के आवासों को भी देखा। इसके उपरान्त उन्होंने विकासखण्ड कालसी में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत निर्मित कोटी डिमऊ मोटर मार्ग, वनधन केन्द्र एवं विकासखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया।

कालसी भ्रमण के दौरान ग्रोथ सेन्टर का संचालन विशायल खत आजीविका बहु?देशय स्वायत्त सहकारिता, कालसी की अध्यक्षा तथा ग्रोथ सेंन्टर कार्मिकों के द्वारा बताया गया कि ग्रोथ सेंन्टर अंतर्गत स्थानीय उत्पाद जैसे-सेब, माल्टा, अदरक, ऑवला आदि का प्रसंस्करण कर उनका मूल्य संवर्द्धन कर एप्पल जैम, एप्पल चटनी, अदरक कैडी, ऑवला कैंडी आदि का निर्माण किया जा रहा है। तथा स्थानीय राजमा, टमाटर, मटर आदि दाल एवं सब्जियों की शार्टिंग एवं ग्रांडिंग कर उत्पादों का विपणन कार्य किया जा रहा है तथा विगत वर्ष में ग्रोथ सेन्टर अंतर्गत 200 कुन्टल सेब का प्रसंस्करण कर उसे बेचा गया जिससे ग्रोथ सेन्टर में 33.00 लाख का व्यवसाय हुआ। सचिव ग्राम्य विकास ने किए जा रहें प्रयासों की सहराना की गई साथ ही जिला एवं राज्य स्तरीय अधिकारीयों को महिलाओं द्वारा निर्मित एप्पल चटनी एवं को हाउस ऑफ हिमालयास के माध्यम से देश-विदेशों तक बेचने के निर्देश दिए एवं महिलाओं द्वारा निर्मित गेहूँ का मूडा (स्थानीय उत्पाद) को सचिवालय स्थित कैन्टीन एवं आउटलेट आदि के माध्यम से बेचने हेतु आश्वस्थ किया गया।

इसके उपरान्त सचिव ग्राम्य विकास न राज्य स्तर पर ग्रोथ सेंटर के जीर्णोधार एवं मशीनरी की आवश्यकता आदि को पूर्ण करने एवं महिलाओं को अन्य नवीन उत्पाद को निर्मित करने हेतु प्रशिक्षण देने हेतु राज्य स्तरीय अधिकारीयों एवं जिला परियोजना प्रबंधक, देहरादून,को निर्देश दिए। महिलाओं द्वारा सचिव ग्राम्य विकास को अवगत कराया कि प्रेरणा प्राप्त कर एवं उनके द्वारा दिए गए आश्वासन के प्रति हर्ष व्यक्त किया गया। तथा सचिव ग्राम्य विकास को एवं मुख्य विकास अधिकारी का पारम्परिक वास्केट, डॉडू एवं स्वनिर्मित उत्पाद भेंट कर अतिथियों का अभिवादन किया गया।

कलसी भ्रमण के पश्चात सचिव ग्राम्य विकास ने विकासखण्ड विकासनगर कार्यालय का भ्रमण एवं निरीक्षण किया, तत्पश्चात विकासखण्ड-सहसपुर स्थित उत्तरा सरस सेन्टर का अवलोकन कर ई. टी.सी. शंकरपुर एवं आर.बी.आई. कार्यालय का निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सु झरना कमठान, उपायुक्त, (आरडी) राजपूत सिंह, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी, सुनील कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक, कैलाश चन्द्र भट्ट, खण्ड विकास अधिकारी, विकासखण्ड कालसी जगत सिंह, विकासनगर शक्ति प्रसाद भट्ट एवं सहसपुर मुन्नी शाह, ब्लॉक प्रमुख, कालसी मठीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख विकास नगर जसविंदर सिंह एवं रीप व एनआरएलएम के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय स्टाफ उपस्थित रहें।

## पूर्व विधायक धन सिंह नेगी की भाजपा में हुई वापसी

देहरादून। टिहरी के पूर्व विधायक धन सिंह नेगी की भाजपा में वापसी हो गई है। बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बलवीर रोड स्थित प्रदेश मुख्यालय में हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र रावत की मौजूदगी में उनकी ज्वाइनिंग कराई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि धन सिंह नेगी पार्टी के पुराने सिपाही रहे हैं और वह अब फिर हमारे साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही यही विशेषता है कि हमसे कोई ज्यादा दिन तक दूर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि पार्टी से चुनाव लडना हो या वार्ड मेंबर बनना हो 100 सदस्य तो बनाने ही पड़ेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने इस अवसर पर कहा कि धन सिंह नेगी की वापसी से पार्टी को अधिक ऊर्जा और ताकत मिलेगी। धन सिंह नेगी ने कहा कि हम हमेशा मन एवं विचारों से भाजपा से ही जुड़े रहे हैं। ऐसे में पार्टी में दोबारा आने पर बहुत गौरवशाली महसूस कर रहा हूं। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वे सभी अब पहले से अधिक शक्ति से संगठन कामों में लगेंगे इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह प्रभारी राजेंद्र नेगी, भाजपा प्रवक्ता विनोद सुयाल, राजेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

नेताओं के त्रिकोण से टिहरी में उलझेगी भाजपा : पूर्व विधायक धन सिंह नेगी की भाजपा में वापसी से टिहरी विधानसभा में भाजपा का कुनबा बढ़ तो गया है। लेकिन तीन बड़े नेताओं के भाजपा में ही आ जाने से आने वाले समय में पार्टी के सामने उलझन का खतरा भी पैदा हो गया है।

दरअसल 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले धन सिंह नेगी, किशान उपाध्याय और दिनेश धनै अलग अलग दलों में रहकर एक दूसरे के खिलाफ खड़े थे। लेकिन विधानसभा चुनाव से ऐन पहले किशोर उपाध्याय भाजपा में आ गए, जिससे धन सिंह नेगी के लिए असहज स्थिति पैदा हो गई और उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया। लोकसभा चुनावों के दौरान पूर्व मंत्री दिनेश धनै भी भाजपा में शामिल हो गए। अब टिहरी के तीनों ही बड़े नेता भाजपा में हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी के सामने एक बार फिर उलझन की स्थिति पैदा हो सकती है।

## भाजपा महानगर में आठ लाख सदस्य बनाएंगी

देहरादून।भाजपा ने महानगर में सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को महानगर कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल को सदस्यता दिलाकर अभियान का आगाज किया। इसके बाद महानगर अध्यक्ष ने विधायक, दायित्वधारी और अन्य पदाधिकारियों को सदस्यता दिलाई। भाजपा ने महानगर के 938 बूथों पर आठ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं की खून-पसीने की मेहनत से भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीति संगठन होने का गौरव प्राप्त है। हमें फिर से अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोडकर यह गौरव कायम रखना है। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से एकजुटता से सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने को कहा। कहा कि यह अभियान दो महीने तक चलेगा। महानगर में आठ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार ने अभियान की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, विधायक राजपुर रोड खजान दास, दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, विनोद उनियाल, पूर्व जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर, पुनीत मित्तल, प्रकाश सुमन ध्यानी, कुलदीप बुटोला, चौधरी अजीत सिंह, सौरभ थपलियाल, विजेंद्र राणा, राजेंद्र ढिल्लो, संदीप मुखर्जी, विमल उनियाल आदि मौजूद रहे।

## लॉ छात्रों ने जानी भारतीय ज्ञान प्रणाली

देहरादून।उत्तरांचल विश्वविद्यालय के लॉ कालेज में बुधवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लॉ छात्रों के छात्रों ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के बारे में जाना। इस दौरान अनुसंधान केन्द्र, विज्ञान और आध्यात्मिकता संस्थान नई दिल्ली के विशेषज्ञ द्विज भावसर कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण सत्र में भारतीय ज्ञान प्रणाली की अवधारणा से लेकर उसके गौरवशाली इतिहास, उसका मानव समाज की खुशहाली के लिए योगदान एवं वर्तमान काल में उसकी युक्तियुक्तता पर चर्चा हुई। भारतीय ज्ञान प्रणाली के व्यवहारिक पक्ष को समझाते हुए द्विज भावसर ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली में मानव जीवन में आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान उपलब्ध है। उन्होंने अपना वक्तव्य श्रीमद् भगवत गीता के सूत्रों पर आधारित रखा। विवि के उपकुलपति प्रो. राजेश बहुगुणा ने कहा कि नई शिक्षा निति 2020 भारतीय ज्ञान प्रणाली को विकसित कर जन-जन तक पहुंचाने को वरियता दी गई है। कार्यशाला में प्राचार्य प्रो. पूनम रावत, शिवम सिंह, डा. वी भुवनेश्वरी, अमित चौधरी, डा. शिखा उनियाल गैरोला और प्रिय दर्शनी तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नशे से बर्बाद हो रहा जीवन

देहरादून।श्वेतांबर जैन समाज का आठ दिवसीय पर्युषण पर्व के चौथे दिन महासाध्वी कैलाशवती महाराज की सुशिष्या श्रमणी गौरव महासाध्वी श्री शक्तिप्रभा महाराज, महासाध्वी डा. अक्षिता महाराज, महासाध्वी रक्षिता महाराज ठाणे-5 ने प्रवचन दिए। कहा कि आज का युवा वर्ग नशे और व्यसनों की ओर अधिक जा रहा है। जिससे जवीन बर्बाद हो रहे हैं। तिलक रोड स्थित श्री श्वेतांबर स्थानकवासी में आयोजित कार्यक्रम में महासाध्वी ने कहा कि पर्युषण पर्व की महत्ता बताते हुए कहा कि ये हमारी आत्मा जागृति का महान पर्व चल रहे हैं। जो हमें एक एक दिन कर्मों की निर्जरा करने की प्रेरणा देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 12 सितंबर को अयोध्या रवाना होगा राम भक्तों का दल

देहरादून।राम भक्तों का 26 सदस्यीय दल 12 सितंबर को अयोध्या रवाना होगा। दल में शामिल प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित अनुराग रमोला छह माह की कड़ी मेहनत से बनाई गई राम लला की पेंटिंग को अयोध्या ले जाएंगे, अयोध्या में प्रतिष्ठा के बाद इसे टिहरी प्रतापनगर के देवलगांव में ओणेश्वर महादेव मंदिर में भेंट किया जाएगा। अभियान के संयोजक आचार्य डॉ. विपिन जोशी ने बताया कि दल 12 सितंबर को श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर से अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा। श्री राम दरबार माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में 10 सितंबर सुबह 11 बजे विशेष पूजा अर्चना के साथ अभियान का शुभारंभ होगा। भगवान श्री टपकेश्वर महादेव का सामूहिक जलाभिषेक किया जाएगा। 11 सितंबर को सिद्धि विनायक गणेश पंडाल गढ़ी कैंट और श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास में स्थापित होने वाले भगवान श्री गणेश जी के विग्रहों का विसर्जन किया जाएगा और 12 सितंबर सुबह दल अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा।

### यौन शोषण से बचाव अधिनियम की जानकारी दी

देहरादून।डीबीएस कॉलेज में छात्राओं ने बुधवार को इंटर्नशिप के दौरान यौन शोषण से बचाव अधिनियम पर जागरूकता आयोजन किया। उन्होंने कॉलेज में सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। साथ ही कर्मचारियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश सीमा डुंगराकोटी ने कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर परिवहन कर अधिकारी अनुराधा पंत, उमेश्वर सिंह रावत, भवानी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्यद अनिता जोशी मौजूद रहे।

### यूपीसीएल मैनेजमेंट के हाईकोर्ट जाने पर एसोसिएशन ने उठाए सवाल

देहरादून।उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने यूपीसीएल प्रबंधन से जल्द सहायक अभियंता वरिष्ठता सूची फाइनल कर पदोन्नति किए जाने को दबाव बनाया। हाईकोर्ट के आदेश को लागू करने की बजाय दोबारा कोर्ट जाने पर सवाल उठाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष जीएन कोठियाल ने कहा कि हाइकोर्ट के आदेश के बाद यूपीसीएल मैनेजमेंट को संशोधित वरिष्ठता सूची जारी करते हुए अधिशासी अभियंता पद पर प्रमोशन करने थे। ये प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हुई है। 2017 से लेकर आज तक जूनियर इंजीनियर संवर्ग को प्रोन्नति से वंचित रखा गया है। कहा कि सहायक अभियंता वरिष्ठता सूची से प्रभावित लोगों का हाईकोर्ट जाना तो समझ आता है, लेकिन यूपीसीएल मैनेजमेंट का कोर्ट जाना चौंकाने वाला कदम है। 27 जून 2024 को हाईकोर्ट ने यूपीसीएल मैनेजमेंट को स्पष्ट आदेश दिए थे। इसके बावजूद यूपीसीएल मैनेजमेंट का हाईकोर्ट के फैसले पर स्पष्टीकरण के लिए कोर्ट में आवेदन करना समझ से परे है। मैनेजमेंट पर आरोप लगाया कि जूनियर इंजीनियर संवर्ग को अधिशासी अभियंता के पदों पर प्रोन्नति नहीं देना चाहता। इसके विरोध में प्रदेश स्तर पर आंदोलन होगा। केन्द्रीय महासचिव पवन रावत ने कहा कि इंजीनियरों को एसीपी का लाभ दिया जाए। हाईकोर्ट के आदेश को लागू किया जाए।

### निकाय चुनाव के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता: धस्माना

देहरादून।कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बुधवार को श्रीदेव सुमन नगर में आयोजित बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कभी निकाय चुनाव हो सकते हैं। भाजपा सिर्फ अपनी हार टालने के लिए निकाय चुनाव टाल रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में धस्माना ने भाजपा पर आरोप लगाया कि पिछले तीन कार्यकाल से लगातार देहरादून में नगर निगम में भाजपा के बहुमत वाला बोर्ड और मेयर रहे हैं। लेकिन जिस तरह की बदहाली शहर की है वह किसी से भी छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर हजारों करोड़ रूपए खर्च करने के बाद भी आज शहर में सडक़ों गलियों नालियों के हाल बेहाल हैं। कुछ घंटों की बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो जाता है और सबसे बुरा हाल तो उन ग्रामीण क्षेत्रों का हो गया है जिनको सीमा विस्तार कर महानगर में जोड़ा गया और आज वे ना गांव ही रह गए और ना शहर बन पाए। लगातार हो रही बारिश के कारण श्रीदेव सुमन नगर समेत शहर के अधिकांश वार्डों में सडक़ें ध्वस्त हो गई हैं और अनेक स्थानों में नालियों के पुश्ते ढह गए हैं। ब्लॉक यमुना कालोनी कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में बहने वाले नाले का पानी घरों में घुस रहा है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद संगीता गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक लियाकत अब्बासी, अनुराग गुप्ता, सरदार जेएस चुग, सरोज सैनी, ममता वर्मा, साधूराम, मोहमद युनुस, जमीर, नानक चंद, सुभाष गर्ग, रईस, आशिमा शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### आम लोगों को ऋण उपलब्ध कराने को लगाए जाएं शिविर: जावलकर

देहरादून। उत्तराखंड में ग्रामीणों, किसानों को आसानी से ऋण उपलब्ध हो पाए, इसके लिए सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर ने शिविर लगाने के निर्देश दिए। वित्तीय संसाधनों तक किसानों की पहुंच को आसान बनाने पर जोर दिया। सचिव जावलकर ने कहा कि राज्य के भीतर सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाया जाए। एमडी राज्य सहकारी बैंक को सीमा निर्धारण और ऋण विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। ये पहल पूरे उत्तराखंड में स्थानीय लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सहकारी बैंक की वर्तमान में मौजूद 330 से अधिक शाखाएं और 670 बहुउद्देशीय कृषि समितियां हैं। इनके जरिए निचले स्तर तक लोगों को लाभ पहुंचाया जाएगा। कहा कि किसानों के सामने आने वाली वित्तीय बाधाओं को पहचाना जाए। क्योंकि कई किसान सख्त आवश्यकताओं और वित्तीय साक्षरता की कमी के कारण पारंपरिक बैंकिंग संस्थानों से ऋण लेने को संघर्ष करते रहते हैं। इन समस्याओं को ऋण शिविर लगा दूर किया जाए।

### वरिष्ठ महिला आईपीएस रोकेंगी प्रदेश में महिला अपराध

देहरादून।प्रदेश में महिला अपराधों की रोकथाम और उन्हें न्याय दिलाने की जिम्मेदारी अब वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारियों को दी जाएगी। बुधवार को अचानक पुलिस मुख्यालय पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने डीजीपी अभिनव कुमार को ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस मुख्यालय से संचालित महिला सुरक्षा हेल्पलाईन और पुलिस की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने और शांति भंग करने वाले अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों से जुड़ी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जरूरतमंद लोगों को पुलिस की सहायता तत्काल मिले। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए एवं प्रदेश में आने-जाने वालों पर निगरानी रखी जाए।